नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **23**

# P-121-Hindi (D & D)

No. of Printed Pages – **11**

# प्रवेशिका (मूक–बधिर) (CWSN) परीक्षा, 2024

# हिन्दी

**समय : 4 घण्टे 15 मिनिट**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

(4) जिन प्रश्नों के **अ, ब, स, द, य, च** खण्ड हैं, उन सभी का हल एक साथ सतत् लिखें ।

**खण्ड – अ**

1. निम्नलिखित बहुविकल्पात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **10 × 1 = 10**

(i) तुलसीदास ने अपनी रचनाओं में मुख्यत: भक्ति की है

(अ) भगवान राम की

(ब) भगवान कृष्ण की

(स) हनुमान की

(द) शिव की

(ii) सूरदास द्वारा रचित ग्रन्थ है

(अ) सूर सागर (ब) साहित्य लहरी

(स) सूर सारावली (द) उपर्युक्त सभी

(iii) जयशंकर प्रसाद थे

(अ) कवि (ब) गद्यकार

(स) दोनों (द) दोनों नहीं

(iv) कवि के अनुसार फसल है

(अ) नदियों के पानी का जादू

(ब) हाथों के स्पर्श की महिमा

(स) मिट्टी का गुण

(द) उपर्युक्त सभी

(v) 'नौबत खाने में इबादत' पाठ में बिस्मिल्ला खाँ का नाम है

(अ) सलीम (ब) अमीरुद्दीन

(स) शमसुद्दीन (द) सभी

(vi) 'संस्कृति' निबंध के लेखक हैं

(अ) यतीन्द्र मिश्र

(ब) भदन्त आनंद कौसल्यायन

(स) रामचंद्र शुक्ल

(द) हरिशंकर परसाई

(vii) 'लखनवी अन्दाज' कहानी के लेखक हैं

(अ) यशपाल (ब) जयशंकर प्रसाद

(स) धर्मपाल (द) सुमित्रानंदन पंत

(viii) बालगोबिन भगत अनुयायी थे

(अ) रामानंद जी के (ब) सूरदास जी के

(स) कबीर के (द) कृष्ण के

(ix) 'माता का अँचल' पाठ के लेखक हैं

(अ) अज्ञेय (ब) शिवपूजन सहाय

(स) महादेवी वर्मा (द) मधु कांकरिया

(x) 'हिरोशिमा' कविता लिखी है

(अ) जयशंकर प्रसाद (ब) कबीर

(स) अज्ञेय (द) महादेवी वर्मा

**खण्ड – ब**

2. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए : **5 × 1 = 5**

स्वतंत्र भारत का संपूर्ण दायित्व आज विद्यार्थियों के ऊपर है क्योंकि आज जो विद्यार्थी हैं वे ही कल स्वतंत्र भारत के नागरिक होंगे । भारत की उन्नति और उत्थान उन्हीं की उन्नति और उत्थान पर निर्भर करता है । विद्यार्थियों को अपने भावी जीवन का निर्माण बड़ी सतर्कता और सावधानी से करना चाहिए । उन्हें प्रत्येक क्षण अपने राष्ट्र, अपने समाज, धर्म के बारे में सोचना चाहिए । जो विद्यार्थी राष्ट्रीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर अपना चरित्र निर्माण नहीं करते वे राष्ट्र के लिए भार–स्वरूप ही होते हैं ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

(ii) भारत का कौन सा दायित्व विद्यार्थियों पर है ?

(iii) विद्यार्थियों को अपना जीवन निर्माण कैसे करना चाहिए ?

(iv) कौन भविष्य में भारत के नागरिक होंगे ?

(v) कैसे विद्यार्थी देश के लिए भार–स्वरूप होते हैं ?

**अथवा**

भारत की उत्तरोत्तर बढ़ती हुई जनसंख्या राष्ट्र की भयानक समस्या है । देश की समृद्धि के लिए सरकार द्वारा किए श्रेष्ठ कार्यों में गतिरोध उत्पन्न होने का एक प्रमुख कारण जनसंख्या का निरन्तर बढ़ना है । अत: राष्ट्रीय सरकार ने इसके समाधान के लिए परिवार नियोजन का आह्वान किया है । परिवार नियोजन का महत्त्व आर्थिक तथा मानवीय दोनों दृष्टियों से है, आर्थिक दृष्टि से यह कि अधिक जनसंख्या बोझ बन जाती है ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

(ii) भारत की भयानक समस्या क्या है ?

(iii) सरकार ने जनसंख्या वृद्धि के समाधान के लिए क्या किया है ?

(iv) देश की समृद्धि कब रुक जाती है ?

(v) परिवार नियोजन का अर्थ लिखिए ।

3. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : **5 × 1 = 5**

उठे राष्ट्र तेरे कन्धों पर, बढ़े प्रगति के प्रांगण में ।
पृथ्वी को रख दिया उठाकर, तूने नभ के आँगन में ।।
तेरे प्राणों के ज्वारों पर, लहराते हैं देश सभी ।
चाहे जिसे इधर कर दे तू चाहे जिसे उधर क्षण में ।।
मत झुक जाओ देख प्रभजन, गिरि को देख न रुक जाओ ।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

(ii) पृथ्वी को उठाकर कहाँ रख दिया ?

(iii) सभी देश किसके प्राणों पर लहराते हैं ?

(iv) एक क्षण में क्या कर दे ?

(v) किसे देख रुक जाओ ?

**अथवा**

थका-हारा सोचता मन-सोचता मन ।
उलझती जा रही है एक उलझन ।
अंधेरे में अंधेरे से कब तलक लड़ते रहे ।
सामने जो दिख रहा है, वह सच्चाई भी कहे ।
भीड़, अंधों की खड़ी खुश रेवड़ी खाती,
अंधेरों के इशारों पर नाचती-गाती ।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

(ii) थके-हारे मन की उलझन क्या थी ?

(iii) रेवड़ी कौन खा रहा है ?

(iv) सच्चाई क्या है ?

(v) अंधकार शब्द का पर्याय लिखिए ।

## खण्ड – स

4. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर **150** शब्दों में निबन्ध लिखिए : **8**

(i) होली रंगों का त्योहार

(ii) विद्यार्थी जीवन

(iii) स्वच्छता का महत्त्व

(iv) हमारे राष्ट्रीय पर्व

5. स्वयं को अभिषेक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नारायणपुर का छात्र मानते हुए प्रधानाचार्य महोदय को पुस्तकालय के सुचारु संचालन हेतु एक प्रार्थना–पत्र लिखिए । **6**

**अथवा**

स्वयं को मीना शर्मा मानते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए जिसमें अपने अध्ययन से संबंधित गतिविधि का वर्णन कीजिए ।

## खण्ड – द

6. जातिवाचक संज्ञा को उदाहरण सहित समझाइए । **2**

7. निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण छाँटकर लिखिए : **2**

(i) उस घड़े में कम पानी है ।

(ii) मोहन का स्वभाव अच्छा है ।

8. कर्म के आधार पर क्रिया के भेद लिखिए । **2**

9. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : **2**

(i) सुदामा पक्के कृष्ण के मित्र थे ।

(ii) बेइज्जती से उसके तन पर कालिख पुत गई

10. निम्नलिखित वाक्यों के लिए एक शब्द लिखिए : **2**

(i) जो संभव न हो

(ii) चित्र बनाने वाला

**खण्ड – य**

11. निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **5 × 1 = 5**

बादल गरजो !
घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ !
ललित ललित, काले घुँघराले,
बाल कल्पना के-से पाले,
विद्युत–छबि उर में, कवि नवजीवन वाले !
वज्र छिपा, नूतन कविता

(i) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) यह काव्य किस कवि द्वारा लिखा गया है ?

(iii) 'नूतन' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

(iv) विद्युत–छबि उर में, कवि नवजीवन वाले ! पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(v) बादल का पर्याय लिखिए।

**अथवा**

हमारै हरि हारिल की लकरी ।

मन क्रम वचन नंद-नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी ।

जागत सोवत स्वप्न दिवस-निसि, कान्ह-कान्ह जक री ।

सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करुई ककरी ।

सु तौ ब्याधि हमकौं ले आए, देख सुनी न करी ।

यह तो 'सूर' तिनहिं ले सौंपो, जिनके मन चकरी ।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश किस कवि के द्वारा लिखा गया है ?

(ii) कवि ने हारिल की लकरी किसे कहा है ?

(iii) गोपियों को जोग कैसा लगा ?

(iv) 'जिनके मन चकरी' का क्या आशय है ?

(v) ब्याधि शब्द का अर्थ लिखिए ।

12. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **5 × 1 = 5**

अब हालदार साहब को बात कुछ-कुछ समझ में आई । एक चश्मेवाला है जिसका नाम कैप्टन है । उसे नेताजी की बगैर चश्मेवाली मूर्ति बुरी लगती है । बल्कि आहत करती है, मानो चश्मे के बगैर नेताजी को असुविधा हो रही हो । इसलिए वह अपनी छोटी-सी दुकान में उपलब्ध गिने-चुने फ्रेमों में से एक नेताजी की मूर्ति पर फिट कर देता है । लेकिन जब कोई ग्राहक आता है और उसे वैसे ही फ्रेम की दरकार होती है जैसा मूर्ति पर लगा है ।

(i) कैप्टन किसका नाम था ?

(ii) कैप्टन क्या सोचता था ?

(iii) मूर्ति पर क्या नहीं लगा था ?

(iv) नेताजी की आँखों का चश्मा कैसे बदल जाता था ?

(v) कैप्टन के चरित्र की क्या विशेषता थी ?

**अथवा**

यश–कामना बल्कि कहूँ कि यश–लिप्सा, पिताजी की सबसे बड़ी दुर्बलता थी और उनके जीवन की धुरी था यह सिद्धान्त कि व्यक्ति को कुछ विशिष्ट बन कर जीना चाहिए .... कुछ ऐसे काम करने चाहिए कि समाज में उसका नाम हो, सम्मान हो, प्रतिष्ठा हो, वर्चस्व हो । इसके चलते ही मैं दो–एक बार उनके कोप से बच गई थी । एक बार कॉलिज से प्रिंसिपल का पत्र आया कि पिताजी आकर मिलें और बताएँ कि मेरी गतिविधियों के कारण मेरे खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए ?

(i) यश–लिप्सा किसकी दुर्बलता थी ?

(ii) व्यक्ति को कैसे काम करने चाहिए ?

(iii) किसके कोप से कौन बच गई ?

(iv) किसका पत्र आया ?

(v) 'वर्चस्व' शब्द का अर्थ लिखिए ।

**अति लघूत्तरात्मक प्रश्न :**

13. कवि के अनुसार मृतक में भी जान किसकी मुसकान डाल देती है ? **1**

14. कवि आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहता है ? **1**

15. बिस्मिल्ला खाँ खुदा से क्या माँगते थे ? **1**

16. लेखक के अनुसार संस्कृति क्या है ? **1**

**लघूत्तरात्मक प्रश्न :**

17. कविता में बादल किन–किन अर्थों की ओर संकेत करता है ? **2**

18. बालगोबिन भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेला क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ? **2**

**निबंधात्मक प्रश्न :**

19. आज़ादी के आन्दोलन में लेखिका मन्नू भण्डारी की क्या भूमिका रही ? **4**

**अथवा**

संस्कृति व सभ्यता के संबन्ध को समझाइए ।

20. कवि जयशंकर प्रसाद का परिचय लिखिए । **4**

**अथवा**

कवि तुलसी का परिचय लिखिए ।

21. निम्नलिखित में से किसी **एक** लेखक का परिचय लिखिए : **2**

(i) रामवृक्ष बेनीपुरी

(ii) भदन्त आनंद कौसल्यायन

(iii) स्वयं प्रकाश

(iv) यशपाल

**खण्ड – च**

22. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **3 × 2 = 6**

(i) 'माता का अँचल' पाठ में किस परिवेश का वर्णन है ?

(ii) सिक्किम (हिमालय) का रास्ता कैसा था ?

(iii) 'हिरोशिमा' कविता लिखने का क्या कारण बताया ?

23. लेखक ने लिखने के क्या कारण बताये ? **2**

---

DO NOT WRITE ANYTHING HERE